आंगनबाड़ी सहायिका निकली मृतका, परिजनों की शिकायत पर मर्डर का मामला दर्ज

- शुक्रवार को आई अज्ञात महिला की हुई शिनाख्त, पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा
- आठ लाख की सहायता एवं अन्य मांगें मानने पर परिजन शव लेने को राजी हुए

गंगापुर सिटी, (निसं)। नई अनाज मंडी के पास अचेत अवस्था में पडी मिली महिला को गंभीर हालत में जिला राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार को मृतक महिला की शिनाख्त होने के बाद परिजन और ग्रामीण जिला अस्पताल पहुंचे। परिजन महिला की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद ही पोस्टमार्टम कराकर शव उठाने की बात पर अड गए। पुलिस ने मृतक महिला का शव मोर्चरी में रखवाया ओर परिवार जनों को पोस्टमार्टम करवाने के लिए समझाइश करने में जुटी गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग में सहायिका के पद पर कार्यरत थी परिजनों का कहना है की रमेशी देवी सुबह 9 बजे आंगनवाडी केंद्र से गांव रामसिंहपुरा सर्वे के लिए पैदल रवाना हुई थी। शाम तक रमेश देवी के घर नहीं लौटने पर उनके परिजनों ने इधर-उधर खोज की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला व शनिवार सुबह उन्हें सूचना मिली की राजकीय चिकित्सालय गंगापुर सिटी में रमेशी देवी की मौत हो गई है। वह उनकी डेड बॉडी पोस्टमार्टम कक्ष में रखी हुई है। सूचना मिलते ही परिजन जिला चिकित्सालय गंगापुर सिटी पहुंचे व पूछताछ करने पर पता चला की कुछ व्यक्ति महिला को गंभीर हालत में चिकित्सालय में भर्ती करा कर भाग गए व उनका किसी भी प्रकार का पहचान पत्र चिकित्सालय में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा नही लिया गया। भर्ती के कुछ ही समय बाद महिला की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि दो अज्ञात व्यक्ति महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मृतक महिला की शिनाख्त होने के बाद ही शनिवार सुबह परिजन और गांव के लोग गवर्नमेंट हॉस्पिटल पहुंचे, जहां पर परिजनों ने मृतक महिला की शिनाख्त करते हुए कहा कि मृतक महिला रमेशी पत्नी नरोत्तम खारवाल निवासी कमाल पुरा आंगनवाडी में कार्यरत है। रमेशी शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे घर से सर्वे करने की कहकर निकली थी। इसके बाद में गुड्डी रामसिंहपुरा तक पहुंची और यहां से गायब हो गई। बाद में शहर में गुड्डी को गंभीर हालत में गवर्नमेंट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन मामले की सीबीआई से जांच करवाने, मृतका के परिजनो को 25 लाख रूपए की सहायत देने एवं परिवार के एक जने को सरकारी नौकरी देने की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंचे उपखण्ड अधिकरी वजीरपुर जवाहर लाल जैन एंव पुलिस उपाधीक्षक बाबू लाल विश्नोई ने परिजनो से वार्ता की और पोस्टमार्टम कराने का आग्रह किया। लेकिन परिजन मांगे नहीं माने जाने तक शव को लेने के लिए तैयार नहीं हुए। उपखण्ड अधिकारी ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए अपने उच्चाधिकारियो को अवगत कराते हुए परिजनो की मांग को बताया जिस पर उच्चाधिकारियो ने काफी समझाइश के बाद व स्थानीय जनप्रतिनिधियो के दखल के बाद परिजन 8 लाख की सहायता राशि देने की मांग माने पर पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने स्थिति की जायजा लिया व परिजनो से मामले की जानकारी ली।

गंगापुर सिटी। आंगनवाडी सहायिका की मौत के बाद अधिकारियों से मामले की जानकारी लेते पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर (बात करते)।

अवैध वसूली के आरोप लगाए

गंगापुर सिटी, (निसं)। उद्योग विभाग की खाली पडी जमीन के मामले पर भाजपा शहर मंडल महामंत्री मिथलेश व्यास ने बयान जारी कर कहा कि गंगापुर सिटी में उदेई मोड पर मनोरथ सिद्ध हनुमान मंदिर के सामने उघोग विभाग की खाली पडी जमीन पर अवैध निर्माण कार्य चल रहा है। शहर में विशेषाधिकारी प्रशासन एवं विशेषाधिकारी पुलिस आंख मूंद कर देख रहे हैं। महामंत्री व्यास ने कहा कि उधोग विभाग के महाप्रबंधक निर्माण हो चुके मकान दुकानों को हटाने के लिए नोटिस चस्पा कर लाल ऋॉस के निशान अलग अलग स्थानों पर लगा कर अवैध वसूली कर रहे हैं। उधोग विभाग एवं प्रशासन को जमीन पर हो रहा अवैध निर्माण उन्हें दिखाई नहीं दे रहा हैं। साथ ही व्यास ने कहा कि गंगापुर सिटी में जिस प्रकार का राजनीतिक संरक्षण से भूमाफिया पनप रहे हैं वो लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। राजनेता और प्रशासन का आपसी गठजोड से अवैध कब्जे हों रहे हैं। जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। महामंत्री मिथलेश व्यास ने मांग की हैं कि उधोग विभाग की जमीन पर कब्जे नही हों और जो लोग पहले से निवास कर रहे है उन्हें परेशान नहीं किया जाए।

रारह जिला भरतपुर में जोड़ो संघर्ष समिति ने हस्ताक्षर अभियान चलाया

भरतपुर (निस)। रारह जिला भरतपुर में जोडो संघर्ष समिति द्वारा घोषित नवीन जिला डीग में शामिल तहसील रारह को जिला भरतपुर में जोडे जाने एवं रारह तहसील की 10 ग्राम पंचायतों के साथ पंचायत समिति सेवर की रारह मुख्यालय के नजदीक वाली 5 ग्राम पंचायत मौरोल, बिलौठी, धौरमुई, हथैनी, जाटौली रथवान को मिलाकर पंचायत समिति रारह का गठन करने की मांग को लेकर ग्राम सांतरूक में पंचायत कर हस्ताक्षर अभियान के तहत सैकडों ग्राम वासियों ने तहसील रारह की सभी 10 ग्राम पचांयतों को भरतपुर जिले मे यथावत रखने के समर्थन में सांतरूक ग्राम वासियों ने हस्ताक्षर कर आन्दोलन का आगाज किया। नवगठित जिला डीग की अभी तक सीमांकन तय न होने के कारण नाराज ग्रामवासी, ग्राम सांतरूक के विजय सिंह प्रधान, दीवान सिंह, विक्रम सिंह, ओमप्रकाश, गजेन्द्र, पुष्पेन्द्र, ज्ञानू, भानू, बलवीर पूर्व सरपंच राजकुमार उर्फ पिन्टू, मोहन रारह सपंच, विक्रम सिंह, बाबू पहलवान, हरवीर सिंह, परम व अन्य सभी ग्रामवासियों ने कहा ग्राम पंचायत सांतरूक का प्रतिनिधि मण्डल संघर्ष समिति के साथ मिलकर सभी ग्राम पंचायतों में जाकर समस्त क्षेत्र वासियों से यह अपील की जायेगी कि 2 जुलाई प्रातः 9 बजे ग्राम अजान में एक महापंचायत का आयोजन किया जायेगा और एक बडा आन्दोलन करने की रणनीति पर भी उक्त महापंचायत में विचार किया जायेगा कि कैसे उक्त रारह तहसील की सभी पंचायतों को अपने जिला भरतपुर में ही रखा जावे। ग्राम सांतरूक की पंचायत में बदन सिंह, देवेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, राजवीर सिंह, विक्रम सिंह, दीवान सिह, बनवारी सिंह, अर्जुन सिंह, विजय सिंह, नाहर सिंह, भगवान सिंह,. सोवरन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रनवीर सिंह, महावीर सिंह, विश्म्भर सिंह, मुन्ना लाल, देवी सिंह, राजवीर सिंह, हरवीर सिंह, सुरेश सिंह, महेशचन्द, सुरेश देवेश कुमार, रनजीत सिंह, गजेन्द्र सिंह, बनै सिंह, जल सिंह, ओमप्रकाश, राजवीर, कन्हैया लाल, दीपक कुमार, बहादुर सिंह, नाहर सिंह, बाबू सिंह, मानप्रकाश, रामवीर सिंह, राजेन्द्र, उदयवीर सिंह, वेदप्रकाश, इन्द्रजीत, अनौखे सिंह, भूपेन्द्र सिंह, हरवीर सिह, ओमप्रकाश, अनिल कुमार, हरभान सिंह, सुवीर सिंह, तेजवीर सिंह, रमेश, दलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

रारह जिला भरतपुर में जोडो संघर्ष समिति ने पूर्व सरपंच मोहन रारह (बाएं से पांचवे) के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया।

धर्मा डागुर के पिता को दी श्रद्धांजलि

हिण्डौन सिटी, (कासं)। विधानसभा के प्रतिपक्ष उपनेता व भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया के आगमन पर शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौपड सर्किल पर स्वागत किया। इस दौरान प्रतिपक्ष उपनेता ने भाजपा कार्यकर्ताओं से चर्चा भी की। उल्लेखनीय है कि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मा डागुर के पितृ शोक में शामिल होने क्षेत्र के छत्रीपुरा गांव जा रहे थे। इस दौरान जयपुर से यहां आगमन होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से देहात व शहरी क्षेत्र में माला पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने चौपड सर्किल पर दोपहर करीब 2 बजे एकत्रित होकर प्रतिपक्ष उपनेता सतीश पूनिया का जयकारों स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, शहर अध्यक्ष अनिल गोयल, एडवोकेट विक्रमपाल सिंह, पूर्व सभापति गायत्री कोली, ललित शर्मा, डॉ. रेवतीलाल कोली, गणेश महावर, यूनुस खान, शैलेश गोयल, सतपाल चौधरी, राजीव सहारिया, दीनदयाल शर्मा सहित भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित हुए।

नव निर्मित भाजपा जिला कार्यालय भवन का निरीक्षण

भरतपुर (निस)। शनिवार को भाजपा भवन निर्माण प्रदेश एंव जिला कमेटी ने शनिवार को भरतपुर के स्वर्ण जंयती नगर में नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय भवन का निरीक्षण किया और 29 जून को भवन का होने वाले लोकार्पण एंव भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के भरतपुर आगमन को लेकर की रूपरेखा तैयार की गई।

रविवार 25 जून को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व चित्तोडगढ के सांसद डॉ सीपी जोशी जी आऐंगे और वे भवन लोकार्पण एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा आगमन कार्यक्रम की सफलता वास्ते रूपरेखा तैयार करेंगे। कार्यक्रम की सफलता वास्ते नवनिर्मित भवन का भाजपा भवन आधुनिकरण एंव रखरखाव विभाग के प्रदेष संयोजक दिनेश पौद्वार, सह प्रदेश संयोजक प्रदीप सिखरवार, भवन निर्माण विभाग प्रदेश सहसंयोजक सतीश सरीन, इंजीनियर रमेश शर्मा, प्रदेश समन्वयक सौरभ दानी, जिला उपाध्यक्ष व भवन निर्माण कमेटी के जिला संयोजक गिराधारी लाल गुप्ता एंव सह संयोजक यश अग्रवाल आदि ने निरीक्षण किया। प्रदेश संयोजक दिनेश पौद्वार एंव प्रदेश सह संयोजक सतीश सरीन ने बताया की राजस्थान के प्रदेश जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से भाजपा जिला कार्यालय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके तहत भरतपुर में जिला कार्यालय भवन का निर्माण पूरा हो गया है। जिस भवन का 29 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा लोकार्पण करेंगे।

इस दिन कार्यक्रम में राष्ट्रीय, प्रांतीय, संभाग, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी और भरतपुर जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आदि भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि 25 जून को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एंव प्रदेश कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी इस भवन का निरीक्षण करेंगे और कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार कि जायेगी। लोकार्पण के बाद यह भवन भाजपा के कार्यकर्ताओं को समर्पित कर दिया जायेगा और जिले के कार्यकर्ताओं को क्षेत्र की समस्या के समाधान को लेकर नई दिल्ली व जयपुर नहीं जाना पडेगा।

हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है

करौली, (निसं)। लांगरा थाना पुलिस ने भूरे का पुरा गांव में करीब 7 दिन पूर्व 20 वर्षीय युवक की निर्मम हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें 27 जून तक पुलिस रिमांड में भेज दिया पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

लांगरा थाना अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि करीब 7 दिन पूर्व मारपीट कर 20 वर्षीय युवक आशाराम उर्फ आशु की हत्या के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी ने बताया कि लालपति उर्फ नैने पुत्र सुगनलाल 45 साल निवासी भूरे का पुरा थाना लांगरा व अजीत कुमार मीना पुत्र गोविन्दा 19 साल निवासी डोमई थाना सरमथुरा जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया है पुलिस आरोपियों से घटना के बारे में पूछताछ कर रही है पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें 27 जून तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया थाना अधिकारी ने बताया कि गत 15 जून को मृतक आशाराम उर्फ आशु पुत्र बत्तीलाल 20 निवासी भूरेकापुरा दोपहर अपने ताऊ के घर बैठा था इस दौरान कुछ युवकों उसे बुलाकर मोटर साइकिल से ले गए और करीब 2 घंटे बाद मारपीट कर घर से दूर एक पत्थर पर पटक कर चले गए मृतक के शरीर,सिर सहित कई स्थानों पर चोट के निशान मिले हैं घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक को करौली हॉस्पिटल लेकर आई हॉस्पिटल में डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया मृतक इकलौता भाई था और पांच बहने हैं। मृतक जयपुर में रहकर बीएससी की पढाई कर रहा था मामले को लेकर परिजनों ने हॉस्पिटल में धरना प्रदर्शन किया था मंत्री रमेश मीणा ने हॉस्पिटल पहुंच कर समझाईश कर मामला शांत कराया था।

करंट लगने से युवक की मौत

हिंडौन सिटी, (कासं)। शहर के बाजना रोड स्थित चामुंडा माता मंदिर के पास शनिवार सुबह एक मकान में पानी की मोटर चलाते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन और पडोसी मदद कर उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित किया।ड्यूटी चिकित्सक डॉ. डीएन शर्मा ने बताया कि मृतक मूल निवासी रुंध का पुरा और हाल बाजना रोड निवासी पूरण गुर्जर (28) पुत्र लखनसिंह गुर्जर है। पूरण के बड़े भाई बच्चू सिंह ने बताया कि उसका भाई मकान तलाई के लिए पानी की मोटर चला रहा था। इस दौरान पानी की मोटर से उसे करंट आ गया और बेहोश हो गया। मौके पर बच्चू सिंह और पडोस के कुछ लोग भी पहुंच गए। जिसके बाद उसे अस्पताल लाया गया। इस दौरान पूरण की मौत हो चुकी थी। इधर, पूरण के गांव से अन्य परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए नई मंडी थाना पुलिस को सूचना दी गई है। बताया गया कि पूरण की पत्नी की मौत शादी के कुछ साल बाद ही हो गई थी। पूरण के कोई संतान नहीं है। परिवार में बड़े भाई बच्चू सिंह के साथ रह रहा था।

आयुक्त सुभाष गोयल ने दर्जनभर सुलभ शौचालयों का निरीक्षण किया

- निरीक्षण के दौरान असंतोषजनक स्थिति पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की

भरतपुर (निस)। नगर निगम आयुक्त सुभाष चंद्र गोयल ने षनिवार को सुबह दर्जनभर सुलभ षौचालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरा असंतोषजनक स्थिति पाये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यदि निर्धारित प्रोटोकॉल की पालना नहीं की जाती है तो संबंधित संस्था को भुगतान नहीं किया जायेगा।

आयुक्त गोयल ने कलेक्ट्रेट, कोर्ट परिसर, मथुरागेट बस्ती, पटपरा मौहल्ला, बीनारायण गेट, हीरादास सर्किल, स्टेडियम, कुम्हेरगेट, जघीना गेट,कंपनी बाग, आरबीएम अस्पताल आदि जगह स्थित सुलभ षौचालयों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निषुल्क एवं पे एण्ड यूज दोनों की तरह के सुलभ षौचालयों का दौरा किया। आयुक्त ने इस मौके पर स्थानीय नागरिकों से भी सुलभ षौचालयों को लेकर फीडबैक लियज्ञं आयुक्त गोयल ने कहा कि सभी सुलभ षौचालयों में टोंटी, क्षतिग्रस्त दरवाजे, दीवारों पर जमा गंदगी को तुरंत दूर किया जाये, खास तौर से सुलभ षौचालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। समय-समय पर फिनाइल के घोल का छिडकाव एवं पौंछा लगाना जरूरी है। हाथ साफ करने के लिए साबुन रखना अनिवार्य है। आयुक्त ने निर्देषित किया है कि सभी जरूरी बिदुंओं की पालना सुनिष्चित करें, अन्यथा आगामी आदेषों तक भुगतान नहीं किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य सफाई निरीक्षक वेदराम, विजयपाल, सुलभ षौचालय संस्था के स्थानीय मैनेजर आदि मौजूद रहे।

आयुक्त सुभाष गोयल (दाएं से पहले) ने दर्जनभर सुलभ शौचालयों का निरीक्षण किया।

कलश यात्रा में मुख्य कलश लेकर चलीं जयपुर ग्रेटर मेयर सोम्या गुर्जर

करौली,(निसं)। करौली के रियासत कालीन नदी दरवाजा परकोटे से बाहर स्थित सदियों पुराने बैठा हनुमान मंदिर पर हनुमान मंदिर कमेटी और नगर परिषद के पूर्व सभापति राजाराम गुर्जर की ओर से इतिहास में पहली बार श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शनिवार को 3100 महिलाओं की कलश यात्रा के साथ आयोजन किया गया जिससे पूरे शहर में धर्ममय वातावरण बन गया और शहर भगवान कृष्ण और राम के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा नगाढखाने दरवाजा स्थित गोपाल जी के मंदिर से श्रीमद् भागवत कथावाचक आचार्य मनीष उपाध्याय के मंत्रोंचारणों के बीच मुख्य कलश का मुख्य यजमान पूर्व नगर परिषद सभापति राजाराम गुर्जर और उनकी धर्मपत्नी जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर के हाथों से पूजन करा कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया जो कलश यात्रा शहर के प्रमुख चौराहे फूटाकोट,हटवाड़ा बाजार,गणेश गेट से मेला गेट होते हुए बैठा हनुमान मंदिर पर भारी पुलिस सुरक्षा के बीच पहुंची इस दौरान कलश यात्रा मार्ग मे पडने वाले मकानो पर हथियार बंद पुलिस के जवान तैनात किये गये वही ड्रोन कैमरो कि मदद से कलश यात्रा पर निगरानी रखी गई कलश यात्रा के शुभारंभ से लेकर समापन स्थल तक शहर के लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया कलश कलश यात्रा में जिले के प्रमुख मासलपुर के निकट ध्रुवघटा आश्रम के संत हरिंद्रानंद सरस्वती जी महाराज, चैनपुर के ब्रह्म ऋषि आश्रम के महामंडलेश्वर भगवान दास और महान संत रामबालक दास सहित कई संतों का सानिध्य रहा कलश यात्रा में प्रमुख रूप से सांसद डॉ0 मनोज राजोरिया, आरपीएससी की पूर्व सदस्य राजकुमारी गुर्जर सामाजिक कार्यकर्ता अशोक पाठक, वैष्णव विद्या देवी सहित शहर के सर्व समाज के प्रमुख लोग सैकड़ों की संख्या में कलश यात्रा में साथ रहे कलश यात्रा के बैठा हनुमान मंदिर पर पहुंचने पर कथावाचक आचार्य द्वारा पूजा अर्चना की गई इसी मौके पर पूर्व सभापति राजाराम गुर्जर ने कलश यात्रा में भाग लेने वाले महिला पुरुषों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की भगवान राम का भव्य मंदिर का भी निर्माण के लिये 26 जून को भूमि पूजन किया जाएगा जिसमें सर्व समाज के सहयोग की आवश्यकता है मुझे आशा है कि आपका सहयोग इसी प्रकार बना रहे उन्होंने कहा कि 26 जून को बैठा हनुमान मंदिर के सामने स्थित जमीन पर भगवान श्री राम मंदिर के निर्माण की भूमि पूजन किया जाएगा इसी मौके पर उनकी धर्मपत्नी जयपुर ग्रेटर सौम्या गुर्जर ने कहा कि यहां भगवान श्री राम के मंदिर की बहुत आवश्यकता है क्योंकि यह क्षेत्र बृज चौरासी में आता है और भगवान कृष्ण का मंदिर है अब राम मंदिर की आवश्यकता है जो आपके सहयोग से निर्माण होगा इस अवसर पर बैठा हनुमान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष डालचंद शर्मा,गोपाल लाल गुप्ता,प्रेम बाबू पाराशर,मनोज शुक्ला फौजी आदि लोग उपस्थित थे। ज्ञात रहे कि गत वर्ष 2 अप्रैल कि घटना को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से करौली को कलश यात्रा से पूर्व पुलिस छावनी बना दिया जिससे शहर के महिला,पुरुषों ने भयमुक्त होकर कलश यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया पुलिस प्रशासन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, कोतवाली प्रभारी डॉ0 उदयभान सहित जिले के कई पुलिस अधिकारी और भारी पुलिस बल कलश यात्रा मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा।

करौली शहर के प्रमुख मार्गो से होकर सिर पर कलश लिये गुजरते जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर व उनके पति करौली के पूर्व सभापति राजाराम गुर्जर।

6 लाख का सामान चुराया

भरतपुर,(निस)। रुदावल कस्बे के नगला तुला रोड पर रात्रि को चोर एक हार्डवेयर व्यापारी के गोदाम के मैन गेट का ताला तोडकर उसमें से करीब 6 लाख रुपए कीमत के सामान को चुराकर ले गए। चोर गोदाम से लेजम पाइप, पुरानी समर्सिबल, मोटर एवं इन्बर्टर को चुराकर ले गए। चोर गोदाम के मैन गेट का ताला तोडकर उसमें रखे सामान को गाडी में भरकर ले गए। सुबह करीब साढे पांच बजे व्यापारी जब घूमने के लिए निकला तो घटना की जानकारी हुई। पीडित व्यापारी विनोद बंसल ने इसकी सूचना रुदावल थाना पर दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी महावीर प्रसाद, सीओ बयाना दिनेश यादव ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घटना को लेकर व्यापारियों ने बाजार को बंद करा दिया और आक्रोश जताया। मौके पर पहुंचे सीओ दिनेश यादव ने व्यापारियों से समझाइस कर घटना का शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक बच्चूसिंह बंशीवाल, भाजपा की पूर्व प्रत्याशी रितु बनावत भी मौके पर पहुंचे।

सार-समाचार

भाजपा का सम्मेलन आयोजित

महुवा, (निसं)। यहां मंडावर रोड स्थित अवध मैरिज होम में भाजपा का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता अपनी कमर कस लें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का प्रयास करें जिससे मतदाता को यह जानकारी मिल सके की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान, महिला और अन्य के लिए कितनी जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जिनका उन्हें फायदा मिला। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल के दौरान हुए कार्यो को लेकर भी जानकारी दी। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री बालियान का स्थानीय भाजपा नेता और पूर्व प्रधान राजेंद्र मीणा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। सम्मेलन में राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा भी शिरकत करते लेकिन जयपुर में धरने पर बैठने के कारण वे सम्मेलन में शरीक नहीं हो सके। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा, संगठन प्रभारी संजय नरूका, जिला उपाध्यक्ष रामराज गुर्जर, लोकसभा प्रवास प्रभारी मोहन मोरवाल, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सैनी, पूर्व राज्य सभा सांसद रामकुवार वर्मा, प्रदेश कार्य समिति टीकम सिंह, पंचायत समिति सदस्य कपिल सिंह रोत,महेंद्र सिंह खेडला, बनवारी सिंह कोडला, पूर्व भाजपा प्रत्याशी भाजपा नेता राजेंद्र मीना, मंडल अध्यक्ष विनीत बंसल, अमर सिंह खींची, राज बहादुर गुर्जर, कुलदीप सिंह, मुकेश मीना, बंटी गुर्जर प्रधान प्रतिनिधि, धर्मेंद्र मीना उप प्रधान बैजूपाड़ा, विस्तारक वेदांस पटेल आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

महिला के शव की हुई पहचान

धौलपुर, (निसं)। धौलपुर जिले के बसईडांग थाना क्षेत्र के निभी के ताल में शुक्रवार को एक अज्ञात विवाहित महिला का शव मिला था। जिसके पैर रस्सी से बंधे थे। शुक्रवार देर शाम को महिला के शव की पहचान आगरा के गणेश नगर निवासी 28 वर्षीय अनीता पत्नी धर्मवीर प्रजापति के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतका के देवर लाखन पुत्र नगराम प्रजापति ने मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें अपनी भाभी के मधु नगर आगरा निवासी भाइयों पर हत्या का शक जताया है। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। बसई डांग थाना प्रभारी मोहन सिंह ने बताया कि महिला की पहचान उसके देवर आगरा के विद्यानगर न्यू थाना क्षेत्र निवासी लाखन पुत्र नगराम प्रजापति ने की है। एसएचओ मोहन सिंह ने बताया कि मृतका अनीता के देवर लाखन ने जो रिपोर्ट दी है, उसमें शक जाहिर किया है कि उसका भाई धर्मवीर यानि कि मृतक महिला का पति अक्सर बीमार रहता है। महिला ने अपने मकान में रुकुम सिंह नाई नामक व्यक्ति को किराएदार रखा हुआ है। जिस पर उसके भाई प्रेम प्रसंग का शक करते हैं। इसी को लेकर कई बार झगड़ा भी हुआ है और हो सकता है कि मृतका के मधु नगर में रहने वाले उसके भाई लोकेश, राजू और विकास पुत्र मुरारीलाल ने अपनी बहिन अनीता की हत्या कर शव की पहचान मिटाने के लिए राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र में लाकर पटक दिया हो। घटना को लेकर फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है।

मंत्री डॉ. गर्ग कल आएंगे भरतपुर

भरतपुर (निस)। तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग रविवार 25 जून को तीन दिवसीय दौरे पर भरतपुर रहेंगे जहां वह विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर मंगलवार को शाम जयपुर के लिये रवाना हो जायेंगे। राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग रविवार 25 जून को दोपहर 12 बजे भरतपुर पहुंचेगे जहां वह दोपहर 1 बजे प्रताप रेजिडेंसी में अखिल भारतीय मैथिली ब्रहामण महासभा के प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसी दिन दोपहर दो बजे चंदन गार्डन से निकलने वाली जगन्नाथ यात्रा में भाग लेंगे। बाद में वह क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी इलाकों में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। डॉ. गर्ग सोमवार 26 जून को दोपहर 12 बजे तक रंजीत नगर कार्यालय पर रहेंगे और फिर क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। इसी प्रकार वह मंगलवार 27 जून को भी भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में मौजूद रहेंगे और शाम को 5 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

कुंवर भीम सिंह राजपूत सम्मानित

भरतपुर (निस)। राष्ट्रहित फाउंडेशन ट्रस्ट बीकानेर के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत ने राष्ट्रहित फाउंडेशन ट्रस्ट के भरतपुर जिला कोर्डिनेटर कुंवर भीम सिंह राजपूत को मानवता के हित में सदैव तत्पर रहते हुए व अच्छे कार्य को देखते हुए मानवता मित्र सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया है। कुंवर भीम सिंह राजपूत के द्वारा राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना से मानवता हित में जो कार्य किए जा रहे हैं वह अनुकरणीय है जिसके लिए राष्ट्रहित फाउंडेशन ट्रस्ट ने राजपूत को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। कुंवर भीम सिंह राजपूत निस्वार्थ भाव से कई सामाजिक संगठनों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिसके लिए राजपूत को ग्लोबल पीस अवार्ड 2022 से सम्मानित भी किया जा चुका है। ट्रस्ट के पदाधिकारी नर्सिंग ऑफिसर मेवा सिंह, सुचित्रा, रूपाली सहित सभी ने बधाई दी।

मंदिर निर्माण का जायजा लिया

गंगापुर सिटी, (निसं)। शनिवार को सभापति शिवरतन अग्रवाल ने नहर रोड स्थित कुशालगढ के बाबा श्याम (खाटू नरेश) जी के मन्दिर पर चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस अवसर पर श्याम सेवा समिति के पदाधिकारि, सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभापति ने श्याम प्रेमियो के साथ मंदिर निर्माण कार्य, हॉल, गर्भगृह, छत, सीढियां, पार्क सडक आदि के निर्माण कार्य निरक्षण किया। सभापति ने बताया कि गंगापुर के लिए ये सौभाग्य की बात हैं की खाटू श्याम का मन्दिर बन कर तैयार होने जा रहा है जहां पर बुधवार 5 जुलाई को बाबा श्याम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। उन्होने गंगापुर नगरवासियो सहित आसपास क्षैत्र के लोगो से बाबा श्याम के पांच दिवसीय कार्यक्रम में सपरिवार भाग लेने की जन जन से अपील की है।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

महुवा, (निसं)। बीकानेर आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पाडली मोड़ के समीप कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। ड्यूटी ऑफिसर हरदयाल ने बताया कि आकाश पुत्र महावीर सिंह राजपूत 21 वर्ष निवासी केसरा थाना मंडावर बाइक से महुवा की तरफ आ रहा था। इस दौरान पाडली मोड़ के समीप पीछे से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

राष्ट्रीय व्यापारी पार्टी की बैठक आज

महुवा, (निसं)। राष्ट्रीय व्यापारी पार्टी की बैठक शुक्रवार को 11 बजे भरतपुर रोड स्थित खंडेलवाल होटल पैलेस में आयोजित की जाएगी प्रदेश उपाध्यक्ष दीनदयाल तांबी ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों की बैठ